# कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, देहरादून

वैभव पैलेस, सी-1/105, इन्दिरा नगर, देहरादून-248006

स0 : स्था0नि0/प्रतिवेदन संख्या-44/2016-17/

दिनांक : /11/2016

**सेवा में,**

**खण्ड विकास अधिकारी,**

**क्षेत्र पंचायत- नारसन**

**जिला- हरिद्वार**

**विषय : क्षेत्र पंचायत बाजपुर का वर्ष 2014-15 से वर्ष 2015-16 तक का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।**

महोदय,

आपके कार्यालय का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रेषित कर यह अवगत कराना है कि प्रतिवेदन के भाग 4 (ब)-1 में **शून्य** प्रस्तर, भाग-4 (ब)-2 में **07** प्रस्तर तथा STAN मे शून्य प्रस्तर है। इन प्रस्तरों को भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक, नई दिल्ली की वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन (Annual Technical Inspection Report) (ATIR) में सम्मिलित किया जाना सम्भावित है। भाग-4 (ब)-1 के सभी प्रस्तरों की अनुपालन आख्या सचिव, पंचायती राज उत्तराखण्ड शासन देहरादून एवं भाग-4 (ब)-2 के सभी प्रस्तरों की प्रतिपालन आख्या अपने उच्चतर अधिकारी **(निदेशक, पंचायती राज निदेशालय उत्तराखण्ड)** के माध्यम से भेजा जाना अनिवार्य है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार प्रतिवेदन की प्रथम प्रतिपालन आख्या इनकी प्राप्ति के एक माह के अन्दर संलग्न प्रारूप में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक: 1 प्रतिवेदन की प्रति

2 प्रतिपालन आख्या का प्रारूप

भवदीय

**वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी/स्थानीय निकाय**

**सं0 स्था0नि0/प्रतिवेदन संख्या 37/2016-17/** **दिनांक: /11/2016**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1- सचिव, पंचायती राज उत्तराखण्ड शासन, देहरादून ।

2- निदेशक, पंचायती राज निदेशालय उत्तराखण्ड, सहस्त्रधारा मार्ग, आई0टी0पार्क के पास, देहरादून।

3- निदेशक, लेखापरीक्षा (आडिट) निदेशालय, द्वितीय-तल, आयुक्त कर भवन, जोगीवाला, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून, पिन कोडः 248005

4- जिला पंचायतराज अधिकारी, हरिद्वार।

**वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी/स्थानीय निकाय**

**कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून**

**भाग-एक**

**वर्ष 2014-15 से 2015-16 के लिये खण्ड़ विकास अधिकारी, नारसन (हरिद्वार) पर निरीक्षण प्रतिवेदन**

(अ) संप्रेक्षावधि मे कार्यरत पंचायतराज अध्यक्ष तथा कार्यकारी अधिकारी का नाम तथा पदनाम

(i) श्री जितेंद्र कुमार - प्रमुख, क्षेत्र पंचायत

(ii) श्री सुखबीर सिंह प्रभारी खण्ड़ विकास अधिकारी

(ब) संप्रेक्षा सदस्यों के नाम तथा पदनाम

(i) श्री पी.एल.शर्मा, स.ले.प.अ.

(ii) श्री नित्यानन्द सिंह, स.ले.प.अ.

(iii) श्री सतेन्द्र कुमार, स.ले.प.अ.

(iv) श्री अशोक कुमार, व.ले.पे.अ.

(स) संप्रेक्षा तिथि 16.09.2016 से 24.09.2016 तक

(द) संप्रेक्षा में आच्छादित अवधि: 2014-15 से 2015-16 तक

**भाग-दो**

**परिचयात्मक :**

1. पंचायतीराज संस्था का नाम : **ख.वि.अ. क्षे.पं. नारसन,** जनपद **हरिद्वार**

(अ) उपरोक्त यदि ज़िला पंचायत तथा ग्राम पंचायतों की संख्या है तो:-

(ब) उपरोक्त यदि क्षेत्र पंचायत है तो ग्राम पंचायतों की संख्याः-59

भौगोलिक क्षेत्र :-- 27014 हेक्टेयर

जनसंख्या : 2,52,498

2- निर्वाचित सदस्यों की संख्या : 40

3- पंचायत द्वारा आयोजित बैठकों की संख्याः 03

4- (ब) उपसमितियों, स्थायी समितियों की संख्या तथा प्रत्येक आयोजित बैठक की संख्या: बैठक: 06

5- कर्मचारियों की संख्या : 21

6- पंचायतराज की सम्पत्तियां : - आवासीय भवन, भूखण्ड, कार्यालय भवन

7- पंचायतराज के अपने प्रोजेक्ट : -

8- योजनाओं की संख्या :- -

9- (अ) सामाजिक संरक्षा

(ब) रोजगार सृजन से सम्बन्धित: -

(स) वर्ष के दौरान पूर्ण की गयी योजनायें:-

(द) लाभार्थियों की संख्या:

10- वर्ष के दौरान कर, रेट्स ड्यूटी चुंगी आदि की वसूली तथा बकाया राशि :

11- वर्ष के दौरान कुल व्यय : आय -व्यय विवरण के अनुसार

(अ) सामान्यः -

(ब) योजनाओं पर (प्रत्येक योजना का अलग-अलग दर्शाया जाये) एवं संलग्नक के रूप में लगाया जाये।

12- क्या वार्षिक योजनाओं एवं बजट पर निर्वाचित निकाय द्वारा चर्चा की गयी तथा उसे पारित किया गया है-

**भाग-4 (अ)**

**(क) परिचयात्मकः** कार्यालय **खण्ड विकास अधिकारी, क्षेत्र पंचायत- नारसन, जनपद- हरिद्वार** के लेखा/अभिलेखों की वर्ष 2014-15 से 2015-16 तक की सम्प्रेक्षा श्री अशोक कुमार, व.ले.प.अ., श्री पी.एल.शर्मा, स.ले.प.अ.,श्री नित्यानन्द सिंह,स.ले.प.अ. एवं श्री सतेन्द्र कुमार, स.ले.प.अ. द्वारा दिनांक 16.09.2016 से 24.09.2016 तक सम्पादित की गयी।

**(ख) विगत प्रतिवेदनों के बकाया प्रस्तरों की स्थितिः-**

| लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं0 | प्रस्तर भाग 4(ब)-1 | प्रस्तर भाग 4(ब)-2 |
|---|---|---|

| प्रतिवेदन संख्या वर्ष | भाग प्रस्तरों की संख्या |
|---|---|

(ii) स्थानीय निधि लेखापरीक्षा के लम्बित प्रस्तर: -

**(ग)** सतत अनियमितताओं की सूची: -

**(घ)** अप्रस्तुत अभिलेख:-

**भाग 4(ब)-1**

**प्रस्तर 1: ` 13.50 लाख के अपूर्ण कार्य।**

क्षेत्र पंचायत नारसन द्वारा विधायक निधि के अंतर्गत वर्ष 2014-15 व 2015-16 मे कराये गए निर्माण कार्यों से संबन्धित अभिलेखों की जांच मे पाया गया कि विभाग को दो कार्यों हेतु ` 8.00 लाख एवं ` 5.50 लाख की धनराशि आवंटित हुई थी। कार्यों का विवरण निम्नवत है-

**` लाख में**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि | अवमुक्त धनराशि | व्यय धनराशि | अनुबंध सं. | ठेकेदार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुंडाखेड़ा खुर्द के आर.के.कान्वेंट पब्लिक स्कूल मे प्रयोगशाला कक्ष निर्माण | 8.00 | 6.00 | 4.72 | 186/24.02.16 | श्री सुरेश चन्द्र |
| 2 | ग्राम टांडा भनेडा मे सरकारी नलकूप से मदीना मस्जिद की ओर सी.सी. निर्माण | 5.50 | 4.12 | 4.12 | 38/23.07.15 | एम.एस. कंस्ट्रक्सन रूड़की |

**कुल योग 13.50 लाख 8.84 लाख**

क्रं. सं. 01 पर कार्य दिनांक 25.02.2016 को दिनांक 24.05.2016 को तथा क्रं. सं. 02 पर कार्य दिनांक 24.07.2015 को प्रारम्भ कर दिनांक 23.10.2015 को समाप्त करने हेतु अनुबंध किया गया था परंतु लेखापरीक्षा (सितंबर 2016) तक दोनों कार्य अपूर्ण थे।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई ने उत्तर मे बताया गया कि कार्य पूर्ण हो चुके है तथा मूल्यांकन व निरीक्षण के उपरांत भुगतान किया जाएगा और कार्य संख्या 02 मे विवाद के कारण विलम्ब हुआ है।